मेरे श्याम ने आप बुलाया | By Surinder Chanchal

फागुन का मेला आया
मेरे श्याम ने आप बुलाया
मैं मेले जाऊँगा मैं मेले जाऊँगा
मेरे मन को खूब है भाया
हाथो से निशान बनाया
मैं मेले जाऊँगा मैं मेले जाऊँगा

श्याम धणी का मेला ऐसा कुल दुनिया से न्यारा
बच्चे बूढ़े नर और नारी सबको लागे प्यारा
मेले का जादू छाया मेरे मन को खूब है भाया
मैं मेले जाऊँगा मैं मेले जाऊँगा

खाटू वला श्याम धणी है रंग रसिया रंगीला
नीले घोड़े की असवारी लगता छैल छबीला
हारे को है जितवाया मेरे मन को खूब है भाया
मैं मेले जाऊँगा मैं मेले जाऊँगा

हारे का ये बने सहारा सदा शीश का दानी
तीन बाण के धारी का न कोई जग में सानी
चंचल ने यश जो गाया मेरे मन को खूब है भाया
मैं मेले जाऊँगा मैं मेले जाऊँगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%aa-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-by-surinder-chanchal/